मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय , भोपाल

# NEWS LETTER

2022-2023

www.mpbou.edu.in




## भारतीय अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव में भोज मुक्त विवि का स्टाल

भोपाल 21 जनवरी - मैनिट में आयोजित भारतीय अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव में मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय ने प्रदर्शनी स्टॉल लगाया। स्टॉल पर विभिन्न प्रकार के पाठ्यक्रमों से संबंधित जानकारियां प्रदान की गई। विश्वविद्यालय द्वारा तैयार की गई विभिन्न अध्ययन सामग्री, ऑडियो-वीडियो लेक्चर को भी प्रदर्शित किया गया। विज्ञान और प्रौद्योगिकी अनुसंधान परिषद की महानिदेशक डॉ कलाइसेल्वी ने प्रदर्शनी व स्टॉल का उद्घाटन किया।

## एनर्जी स्वराज

05 जनवरी 2023 को मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय में जलवायु परिवर्तन एवं सुधार विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया ।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आई॰आई॰टी॰ मुंबई के प्रोफ़ेसर और एनर्जी स्वराज फ़ाउंडेशन के संस्थापक प्रो॰ चेतन सिंह सोलंकी थे। प्रो॰ सोलंकी ऊर्जा संरक्षण व सौर ऊर्जा जागरूकता के लिए देश भर में भ्रमण कर रहें है।

उन्होंने जलवायु परिवर्तन के विभिन्न आयामों से विश्वविद्यालय के समस्त सदस्यों को अवगत कराया एवं तदनुसार व्यवहार करने हेतु प्रेरित किया।



# गणतंत्र दिवस



26 जनवरी 2023 गणतंत्र दिवस पर मध्यप्रदेश भोज मुक्त विश्विद्यालय में मा. कुलपति डॉ संजय तिवारी द्वारा सर्वप्रथम राजा भोज की प्रतिमा का विधिवत माल्यार्पण किया गया। माननीय कुलपति द्वारा राष्ट्रीय ध्वज का समारोह पूर्वक ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव महोदय डॉ अनिल कुमार शर्मा एवं अन्य अधिकारीगण, शिक्षकगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। कुलपति द्वारा ध्वजारोहण के पश्चात सारगर्भित उदबोधन प्रस्तुत किया गया।इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय में एक संगोष्ठी काआयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय था: वैश्विक नेतृत्व और रोजगार कौशल के लिए विज्ञान। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता के रूप में भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ जे वी याख्मी ने कहा कि हमारे विद्यार्थियों में प्रश्न करने और उस पर मनन करने का कौशल विकसित होना चाहिए क्योंकि एक अच्छा प्रश्न एक नए शोध को जन्म देता है। भारत की शोध परंपरा को बताते हुए आपने कहा कि भारत पुरातन काल में विश्व गुरु था।कार्यक्रम के दूसरे वक्ता विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलपति प्रोफेसर अखिलेश पांडे थे।





# राष्ट्रीय सम्मेलन 29 एवं 30 अप्रैल 2023

मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन आर सी वी पी नरोन्हा प्रशासनिक अकादमी भोपाल में आयोजित किया गया जिसका विषय: Implementation of NEP2020: Approaches, Opportunities and Challenges for Open and Distance Learning Educational Institutions था। कुलाधिपति और राज्यपाल श्री मंगुभाई जी पटेल ने सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि दूरवर्ती शिक्षा 50 प्रतिशत सकल नामांकन अनुपात प्राप्त करने के लक्ष्य में सहायक होगी। दूरस्थ शिक्षा के विस्तार में भाषा बाधक न बने इसलिए क्षेत्रीय भाषाओँ में डिस्टेंस लर्निंग के स्मार्ट टूल्स विकसित किया जाना चाहिए।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि पांच हजार वर्षों का इतिहास देखें तो भारत में ओपन यूनिवर्सिटी रही है। हम कह सकते है कि एकलव्य ओपन यूनिवर्सिटी के ही विद्यार्थी थे, जिन्होंने अपनी प्रतिभा, विद्या के बल पर विशिष्ट पहचान बनाई। भगवान श्रीकृष्ण, बलराम और सुदामा ने भी 64 दिनों के शार्ट टर्म कोर्स में 64 कला, 14 विद्या प्राप्त की।

कार्यक्रम के सारस्वत वक्ता इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो नागेश्वर राव ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 सभी के लिए एक बड़ा अवसर है। प्रवेश एवं शुल्क विनियामक समिति के अध्यक्ष प्रो रविंद्र कान्हरे ने कहा कि मध्यप्रदेश ने सबसे पहले राष्ट्रीय शिक्षा नीति का क्रियान्वयन किया। दूरस्थ और मुक्त शिक्षा की अपनी चुनौतियां हैं । स्वागत भाषण देते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजय तिवारी ने कहा कि भोज विश्वविद्यालय न्यूनतम शुल्क में गरीब और वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा उपलब्ध करा रहा है। इस अवसर पर प्रकाशित शोध संक्षेपिका का विमोचन किया गया।

कांफ्रेंस के पहले दिन दो तकनीकी सत्र हुए, जिनमें दूरस्थ शिक्षा से संबंधित शिक्षाविदों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। पहले सत्र की अध्यक्षता डॉ बाबासाहेब आंबेडकर ओपन यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद की कुलपति प्रो अमी उपाध्याय ने की। इस सत्र में पांच शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। दूसरे सत्र की अध्यक्षता मप्र लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष प्रो एसपी गौतम ने की। इस सत्र में कई विषय विशेषज्ञों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए और विस्तृत विचार विमर्श किया।






## भोज विवि में राष्ट्रीय तकनीकी दिवस पर विशेष व्याख्यान

भोपाल, 11 मई। वरिष्ठ आई॰ए॰एस॰ श्री मनु श्रीवास्तव ने कहा कि समाज में हुए सभी परिवर्तन के पीछे टेक्नोलॉजी है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि NITTTR (National Institute of Technical Teacher's Training and Research के निदेशक प्रो सीसी त्रिपाठी ने भारत में विज्ञान और तकनीकी की प्रगति को रेखांकित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो संजय तिवारी ने कहा कि 21वीं शताब्दी भारत की है, यह हमारा केवल सपना नहीं है बल्कि संकल्प है। राष्ट्रीय तकनीकी दिवस पोखरण में किए गए परमाणु विस्फोट की याद में मनाया जाता है।



## स्वास्थ्य शिविर

भोपाल 20 जून। मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन एलएनसीटी मेडिकल कॉलेज भोपाल एवं जेके हॉस्पिटल भोपाल के डॉ. एके चौधरी और 9 सहयोगीं चिकित्सकों एवं चार टेक्नीशियनो की टीम के द्वारा लगभग 90 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण सफलता पूर्वक संपन्न किया।

स्वास्थ्य शिविर में सामान्य परीक्षण, पल्स रेट, शुगर, बीएमआई, एवं 40 वर्ष से अधिक आयु वाले कर्मचारियों का लिपिड प्रोफाइल का परीक्षण किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजय तिवारी ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वास्थ्य मानव जीवन का मेरुदंड है।

शिविर में डॉ. कृति और उनके सहयोगी डॉक्टरों ने मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय के सभी उपस्थित सदस्यों को सीपीआर पद्धति से अवगत कराया एवं प्रशिक्षित किया।





## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

भोपाल 21 जून 2023: मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय में 9 वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक श्रीमती राखी मिश्रा के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजय तिवारी, कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार शर्मा, अधिकारियों, शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया। योग दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजय तिवारी ने कहा कि अपना जीवन स्वास्थ्य पर निर्भर करता है। इसलिए योग हमारे जीवन के लिए वरदान है।



## तीन दिवसीय एस एल एम कार्यशाला

मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय में एस एल एम (सेल्फ लर्निंग मैटेरियल) अर्थात स्वअधिगम सामग्री लेखन पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन विश्वविद्यालय के अकादमिक समन्वयन विभाग द्वारा किया गया। कार्यशाला की शुरुआत डॉ. संतोष पांडा द्वारा की गई। इस राष्ट्रीय कार्यशाला के विभिन्न तकनीकी सत्रों की विषय विशेषज्ञ प्रो. मधु परहार, निदेशक, इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी एवम डॉ. जी. मैथिली, उपनिदेशक इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी उपस्थित रहीं। दोनों ही विशेषज्ञों ने सभी शिक्षक प्रतिभागियों से विषय वार अपने अनुभव साझा करते हुए, स्व अधिगम पाठ्य सामग्री के लेखन संबंधी अपने अनेक महत्वपूर्ण गुर प्रदान किए।

सत्र के अंत में सभी विषय विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को एस एल एम लिखने का अभ्यास करवाया, साथ ही उन्हें विभिन्न विषयों से संबंधित होमवर्क भी दिए।




## मेरी माटी मेरा देश

भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय में भारत शासन के निर्देशानुसार "मेरी माटी मेरा देश" अभियान (09 से 15 अगस्त 2023)के तहत कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय तिवारी ने कहा कि, यह कार्यक्रम आजादी के अमृत महोत्सव का समापन कार्यक्रम है। इस अवसर पर उन्होंने गांधी जी की दांडी यात्रा, नमक सत्याग्रह, सविनय अवज्ञा आंदोलन आदि को याद किया।




# स्वतंत्रता दिवस

विश्वविद्यालय में 15 अगस्त 2023 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजय तिवारी द्वारा राजा भोज की प्रतिमा का विधिवत माल्यार्पण एवम राष्ट्रीय ध्वज का समारोहपूर्वक धवजारोहण किया गया।
इस अवसर पर आयोजित लघु सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागियों द्वारा उत्साहपूर्वक सहभागिता की गई जिसमें राष्ट्रगान एवम राष्ट्रगीत के अतिरिक्त देशभक्तियुक्त कविता पाठ एवं गीत प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ अनिल कुमार शर्मा ने किया एवं एलुमनाई द्वारा वृक्षारोपण किया गया।









# विश्व उद्यमिता दिवस

मध्यप्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय के लिए 21 अगस्त 2023 का दिन अत्यंत स्मरणीय रहा। विश्व उद्यमिता दिवस के उपलक्ष में मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों व अनेक छात्र-छात्राओं ने भारी संख्या अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मध्यप्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय के सेमिनार हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता श्री राजीव अग्रवाल, अनन्या पैकेजेस एंड प्राइवेट लिमिटेड, मंडीदीप, श्री भास्कर इंद्रकांति, ऑरेंज आऊल, श्री डी डी. गजभिए, ज्वाइन्ट डायरेक्टर एमएसएमई इंदौर, डॉ रतन सूर्यवंशी, डायरेक्टर स्टूडेंट सपोर्ट एमपीबीओयू, एवं अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे ।

कार्यक्रम के मध्य में श्री भास्कर इंद्रकांति ने अपने वक्तव्य में कहा कि हम सभी के पास मीडिया (मोबाइल) की पावर है । उन्होंने कहा जिसके पास मीडिया का कंट्रोल होता है, वह इतिहास को परिभाषित करता है।श्री इंद्रकांति ने यह भी कहा कि डिग्री के आधार पर जॉब मिल सकती है किंतु स्किल के आधार पर ही कैरियर बनता है । भविष्य में एंटरप्रेन्योरशिप करनी है तो, लक्ष्य में AI और भविष्य में EQ आधारित कार्य करने होंगे।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री डी. डी. गजभिए ने बताया कि 27 जून को अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस मनाया जाता है। यह दिवस भी उससे ही जुड़ा हुआ है। उद्यमिता विकास दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश भोज विश्वविद्यालय में दो प्रसिद्ध उद्योगों के साथ अनुबंध पत्र हस्थाक्षरित हुए। जिसमे प्रथम अनुबंध पत्र डॉ. राजीव अग्रवाल, अनन्या पैकेजिंग प्राइवेट लिमिटेड मंडीदीप एवं मध्यप्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय के मध्य हस्ताक्षरित हुआ एवम दूसरा एमओयू श्री भास्कर इंद्रकांति, ऑरेंज आऊंल भोपाल एवम मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय के मध्य अनुबंध पत्र हस्ताक्षरित हुआ तत्पश्चात् विश्वविद्यालय के इनक्यूबेशन सेंटर का भी उद्घाटन किया गया जिसमें सभी आमंत्रितों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

